# कार्यालय स्थायी लोक अदालत, अमरोहा

## -: कार्यालय विज्ञप्ति :-

पत्रांक सं0– 36 /2025, स्थायी लोक अदालत, अमरोहा / दिनांक 08.07.2025

जनपद अमरोहा मे स्थित स्थायी लोक अदालत, डी.एल.एस.ए. बिल्डिंग, सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, जिला अमरोहा–244221 गठन किया जा चुका है और कियाशील हो चुकी है। उक्त स्थायी लोक अदालत के सुचारू रूप से संचालन हेतु जारी शासनादेश सं0 827/सात–न्याय– 7–2014–47/2002 दिनंकित 11.11.2002 व शासनादेश सं0 02/2018/661/सात–न्याय–7– 2018–47/2002 दिनांकित 30.01.2018 व 3193/एस.एल.एस.ए.– 23/2002 दिनांक सितम्बर 02, 2024 व पत्रांक सं0 1228/एस.एल.एस.ए.–5/2002(पीएस) दिनांक अप्रैल 11, 2023 द्वारा आशुलिपिक एंव चपरासी की नियुक्ति हेतु स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मियो को अधिकतम 2 वर्ष के लिए एक निर्धारित मानदेय आशुलिपिक हेतु 9000/– तथा चपरासी हेतु 7000/– प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा। आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिये। सेवा के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर सेवा अनुबन्ध बिना किसी पूर्व सूचना दिये बगैर समाप्त कर दिया जायेगा। प्रत्येक का एक एक पद एंव नियत मानदेय पर किया जाना है।

| क0 स0 | पद का नाम | नियत मासिक मानदेय |
|---|---|---|
| 01 | आशुलिपिक | दीवानी न्यायालय/कलैक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियो से रू0 9000/– नियत मासिक मानदेय पर |
| 02 | चपरासी | दीवानी न्यायालय/कलैक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियो से रू0 7000/– नियत मासिक मानदेय पर |
| | | |

उपरोक्त पदो हेतु उपरोक्त योगयता रखने वाले इचछुक अभ्यर्थीगण से निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 31.07.2025 समय 5:00 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन का प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय अमरोहा, के कार्यालय मे, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट (http://allahabadhighcourt.in) पर तथा जनपद न्यायालय अमरोहा की वेबसाईट http://amroha.dcourts.gov.in पर विज्ञापन सहित उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपने आवेदन को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय अमरोहा मे व्यक्तिगत उपस्थित होकर जमा करा सकते है। अंतिम तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे

उक्त से सम्बंधित जानकारी स्थायी लोक अदालत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

नोट– आवेदन प्रारूप संलग्न है।

अध्यक्ष

ओमबीर 08.07.25
स्थायी लोक अदालत
जिला अमरोहा

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01– श्रीमान सदस्य सचिव, उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ

02– श्रीमान सेण्ट्रल प्रोजेक्ट को–ओडिनेटर( कम्प्यूटर) माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को अनुरोध सहित वेबसाइट पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध मे सादर प्रेषित।

03– श्रीमान जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला अमरोहा।

04– श्रीमान जिलाधिकारी, जनपद अमरोहा को अनुरोध सहित नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु प्रेषित।

05– श्रीमान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय अमरोहा।

06– जिला सूचनाधिकारी, अमरोहा को समस्त प्रमुख दैनिक समाचार पत्रो मे निशुल्क चरणबद्ध प्रकाशन हेतु।

07– अध्यक्ष/सचिव, बार एसोसिएशन एंव जिला बार एसोसिएशन अमरोहा को सूचनार्थ हेतु।

08– केन्द्रीय नाजिर जिला न्यायालय अमरोहा को जिला न्यायालय के नोटिस बोर्ड आदि पर चस्पा कराये जाने हेतु।

09– नाजिर सदर जिला कलेक्ट्रैट अमरोहा को इस आश्य से प्रेषित कि जिला मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु।

10– सिस्टम आफिसर को उक्त विज्ञप्ति जनपद अमरोहा की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

अध्यक्ष

ओमबीर 08.07.25
स्थायी लोक अदालत
जिला अमरोहा

# स्थायी लोक अदालत, अमरोहा

पत्र स0:– 75 /2025 स्थायी लोक अदालत अमरोहा/ दिनांक 08/07/2025

प्रेषक,

ओमबीर
अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, जनपद अमरोहा

प्रापक,

जिला सूचना अधिकारी
सूचना विभाग, जनपद अमरोहा

**विषय– स्थायी लोक अदालत के संचालन हेतु सेवानिवृत्त आशुलिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद हेतु नियुक्त किये जाने के संदर्भ मे प्रेस नोट न्यूज पेपर मे निःशुल्क प्रकाशन कराये जाने के सम्बन्ध मे।**

महोदय

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद अमरोहा मे गठित स्थायी लोक अदालत के कार्यालय/ऑफिस संबन्धी कार्य करने हेतु जिला दीवानी न्यायालय एंव कलैक्ट्रेट न्यायालय के सेवा निवृत्त कर्मचारियो को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पूर्व पत्र संख्या 2740/एस.एल.एस.ए. – 5/2002 दिनांक नवम्बर 26, 2018 तथा शासनादेश संख्या 827/सात–न्याय–7 –2014–47/2012 दिनांक 11.11.2002 व शासनादेश संख्या 02/2018/661/सात–न्याय–7–2018–47/2002 दिनांक 30.01.2018 व 3193/एस.एल.एस.ए.–23/2002 दिनांक सितम्बर 02, 2024 व पत्रांक सं0 1228/एस.एल.एस.ए.– 5/2002(पीएस) दिनांक अप्रैल 11, 2023 द्वारा नियत मासिक मानदेय पर एक पद आशुलिपिक (सेवानिवृत्त) नियत मानदेय 9000/–रु0 तथा एक पद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी(सेवा निर्वत) नियत मानदेय 7000/– रू0 पर नियुक्ति समयावधि दो वर्ष के अनुबन्ध पर साक्षात्कार द्वारा नियुक्त किये जाने हेतु आवेदन आहूत किये जा रहे है। आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिये। सेवा के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर सेवा अनुबन्ध बिना किसी पूर्व सूचना दिये बगैर समाप्त कर दिया जायेगा।

| क्र0स0 | पद का नाम | पद | आयु |
|---|---|---|---|
| 01 | आशुलिपिक | 1 | 65 वर्ष से कम हो |
| 02 | अर्दली | 1 | 65 वर्ष से कम हो |
| | | | |

**आवश्यक निद्रेशः–**

1– आवेदक अभ्यर्थी का कोई आपराधिक इतिहास नही होना चाहिए एंव उसके विरूद्व कोई भी अनैतिक आचरण का आरोप भी नही होना चाहिए।

2– आवेदन निःशुल्क है।

3– आवेदन पत्र विज्ञप्ति की तिथि से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय अमरोहा के कार्यालय मे दिनांक 31/07/2025 को सायः 05:00 बजे तक जमा किये जायेंगे।

4– नियुक्ति के समय आवेदक/अभ्यर्थी को अपने स्वास्थता प्रमाण पत्र, राजकीय चिकित्सालय से प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा।

5– अभ्यर्थी कर्मचारी जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त कार्मिक होना चाहिए।

6– अभ्यर्थी की नियुक्ति माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुमोदन के अधीन रहेगी।

7– अभ्यर्थी को अपने प्रार्थनापत्र के साथ दो नवीनतम फोटो प्रार्थनापत्र के साथ संलग्न करना होगा।

8– आवेदन पत्र का विवरण व प्रारूप स्थायी लोक अदालत, जिला अमरोहा के कार्यालय मे, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के वेबसाइट (http://allahabadhighcourt.in) पर तथा जनपद न्यायालय अमरोहा की वेबसाईट (https://amroha.dcourts.gov.in) पर विज्ञापन सहित उपलब्ध है।

(नोट – आवेदन के साथ डाक टिकट लगे दो लिफाफे होने चाहिये, तथा आवेदन के साथ लगे प्रपत्र स्वः हस्ताक्षरित होने चाहिए तथा यह भी निर्देशित किया जाता है कि आवेदन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 31.07.2025 सायः 5:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा को प्राप्त हो जाने चाहिए, उसके पश्चात काई आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।)

ओमबीर 08.07.25

अध्यक्ष,
स्थायी लोक अदालत,
जनपद अमरोहा

# –: आवेदन पत्र का प्रारूप :–

1–पद का नाम (जिस के लिये आवेदन किया जा रहा है।)................................................
.........................................................................................................

| स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटो |
|---|

2–अभ्यर्थी का नाम...........................................................................................
3–पिता / पति का नाम.......................................................................................
4–निवास का स्थायी पता–...................................................................................
.........................................................................................................
.........................................................................................................
.........................................................................................................
.........................................................................................................(प्रमाण पत्र संलग्नक करे)
5– मोबाईल संख्या ..........................................................................................
6– जन्मतिथि –..............................................................................................(प्रमाण पत्र संलग्नक करे)
7– शैक्षिक योग्यता ..........................................................................................(प्रमाण पत्र संलग्नक कर)
8– अनुभव यदि कोई हो तो स्पष्ट करे......................................................................(प्रमाण पत्र संलग्नक करे)
9– आचरण –..................................................................................................(प्रमाण पत्र संलग्नक करे)
10–पद का नाम ( जिस पद से सेवा निवृत्त हुए है।)....................................................
11–सेवा निवृत्त का दिनांक –..............................माह.........................................व वर्ष......................................
12–विभाग का नाम व पूरा पता (जहॉ से सेवानिवृत्त हुए है।)...........................................
.........................................................................................................
.........................................................................................................( सेवानिवृत्त का विभागीय प्रमाण पत्र संलग्नक करे)
13–पूर्ण सेवाकाल के दौरान किसी प्रकार का दण्ड़ प्राप्त हुआ है अथवा नही.................................
..............................................................................यदि दण्डित किया गया है तो लिखित विवरण प्रस्तुत करे
.........................................................................................................
.........................................................................................................
.........................................................................................................
14–ई–मेल आई.डी..........................................................................................
.........................................................................................................

(नोट– आवेदन के साथ डाक टिकट लगे दो लिफाफे होने चाहिये, तथा आवेदन के साथ लगे प्रपत्र स्वः हस्ताक्षरित होने चाहिए तथा यह भी निर्देशित किया जाता है कि आवेदन प्रकाशन तिथि से 20 दिवस के भीतर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा को प्राप्त हो जाने चाहिए, उसके पश्चात काई आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।)

## घोषणा

मै.............................................................घोषणाकरता / करती हॅ कि ऊपर दी गयी सूचनाये मेरी जानकारी मे सत्य एंव सही है। मै उपरोक्त दी जाने वाली सभी सूचनाओ मे कोई सुसंगत तथ्य छिपा नही रहा / रही हूॅ। मेरे विरूद्व कोई भी आपराधिक मामला पंजीकृत / लम्बित नही है। यदि मेरे द्वारा दिया गया कोई भी तथ्य चयन / नियुक्ति के उपरान्त गलत पाया जाये तो मेरा चयन / नियुक्ति निरस्त कर दी जाये।

दिनांक –

स्थान –

आवेदक के पूर्ण पठनीय हस्ताक्षर
तथा पूर्ण पते सहित